पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में वृक्षारोपण

लखनऊः 5 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन उद्यान में किन्नो (संतरे की प्रजाति) के उन्नत किस्म के पौधे रोपित किये। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रमुख सचिव राज्यपाल सुश्री जूथिका पाटणकर, सचिव राज्यपाल श्री चन्द्र प्रकाश तथा विधि परामर्शी राज्यपाल श्री एस0एस0 उपाध्याय ने भी पौंधे रोपित किये। इस अवसर पर राजभवन के समस्त अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमें जैविक खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है। घर की खाली भूमि पर जैविक पद्धति से सब्जियाँ तथा फलदार वृक्ष लगाकर उसका सदुपयोग करें। स्वास्थ्य के लिए ताजी सब्जियों एवं फलों का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि शरीर के लिए आवश्यक सभी तत्वों की पूर्ति हमें इनसे प्राप्त होती है।

श्री नाईक ने अपनी चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि घटती हरियाली के कारण देश एवं प्रदेश में पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। इसलिये वृक्षारोपण को सफल बनाने हेतु आवश्यक है कि वृक्षों के संरक्षण एवं संवद्ध्रन पर विशेष ध्यान दिया जाये।

माननीय श्री राम नाईक
राज्यपाल, उ. प्र. द्वारा रोपित
(Citrus reticulata Blanco)
05 नवम्बर, 2015

माननीय श्री राम नाईक
राज्यपाल, उ. प्र. द्वारा रोपित
(Citrus reticulata Blanco)
05 नवम्बर, 2015